आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 09.05.2025 समय : 0705

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित तैयारियों की समीक्षा के लिए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।
- रक्षा मंत्री ने कहा– भारतीय सशस्त्र बलों के उच्च गुणवत्ता उपकरणों से लैस होने के कारण ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया।
- पी एम किसान सम्मान निधि योजना की दूसरी किश्त जून में जारी की जाएगी।
- रवीन्द्र नाथ टैगोर की जयंती के उपलक्ष्य में द्वीपसमूह में आज कई कार्यक्रमों के आयोजन होंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल राष्ट्रीय सुरक्षा से संबंधित हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर राष्ट्रीय तैयारियों और अंतर–मंत्रालयी समन्वय की समीक्षा के लिए केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ एक उच्च–स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। प्रधानमंत्री मोदी ने परिचालन निरंतरता और संस्थागत मजबूती बनाए रखने के लिए मंत्रालयों और एजेंसियों के बीच निर्बाध समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने वर्तमान स्थिति से निपटने के लिए मंत्रालयों द्वारा की जा रही तैयारी की समीक्षा की। सचिवों को अपने–अपने मंत्रालय के संचालन की व्यापक समीक्षा करने तथा तत्परता, आपातकालीन प्रतिक्रिया और आंतरिक संचार प्रोटोकॉल पर विशेष ध्यान देने के साथ आवश्यक प्रणालियों के त्रुटिहीन काम–काज को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। सचिवों ने वर्तमान स्थिति में सरकार के समग्र दृष्टिकोण के साथ अपनी योजना का ब्योरा दिया। मंत्रालयों को राज्य अधिकारियों और जमीनी स्तर की संस्थाओं के साथ निकट समन्वय बनाए रखने की भी सलाह दी गई। बैठक में कैबिनेट सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा रक्षा मंत्रालय, गृह मंत्रालय, विदेश मंत्रालय, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, विद्युत मंत्रालय, स्वास्थ्य मंत्रालय और दूरसंचार मंत्रालय सहित सभी प्रमुख मंत्रालयों के सचिवों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर में उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का इस्तेमाल किया है, जिसके परिणामस्वरूप पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र बलों ने जिस तरह पाकिस्तान और पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी शिविरों को नष्ट किया है, वह देश के लिए गर्व की बात है। कल नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में उन्होंने देश के सशस्त्र बलों को साहस और वीरता के साथ कार्रवाई करने के लिए बधाई दी। रक्षा मंत्री ने कहा कि यह कार्रवाई किसी भी निर्दोष को नुकसान पहुंचाए बिना और न्यूनतम क्षति के साथ की गई है।

<><><><><><><>

सरकार ने ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को, पाकिस्तान की वेब–सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने का निर्देश दिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हित का हवाला देते हुए इस बारे में परामर्श जारी किया है।

<><><><><><><>

द्वीप प्रशासन और अनिडको के सहयोग से स्थाई इको टूरिज़्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत पिछले दिनों स्थाई वित्त समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एविस और स्मिथ द्वीप में इको टूरिज़्म रिसॉर्टस के विकास और सार्वजनिक निजी भागीदारी के आधार पर मेगापोड रिसॉर्ट के पुनर्विकास के प्रस्ताव पर विचार किया गया। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार ने एविस और स्मिथ द्वीप परियोजना के लिए सी आर जेड को मंजूरी प्रदान कर दी है। परियोजना की सफलता के लिए द्वीप प्रशासन एन–एच–4 के विकास पर जोर देगा, जिसमें पुलों का निर्माण और उड़ान योजना के तहत हवाई कनेक्टिविटी में तेजी लाना शामिल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने पर आतिथ्य क्षेत्र में, विशेष रूप से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार बढ़ेगा और द्वीपों की समग्र आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा।

<><><><><><><>

किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने वित्तीय वर्ष दो हजार अट्ठारह–उन्नीस के दौरान "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" शुरू की। इस योजना के तहत, पात्र किसान परिवारों को प्रति वर्ष छह हजार रुपये की वित्तीय सहायता मिलती है, जो दो हजार रुपये की तीन समान किस्तों में हर चार महीने में देय होती है। अब तक भारत सरकार द्वारा उन्नीसवीं किस्त जारी की जा चुकी है। उन्नीसवीं किस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चौबीस फरवरी दो हजार पच्चीस को सीधे पीएम किसान लाभार्थियों के बैंक खातों में जारी की गई थी। बीसवीं किस्त जून दो हजार पच्चीस के महीने में जारी होगी। मंत्रालय ने एक मई दो हजार पच्चीस से इक्कतीस मई दो हजार पच्चीस तक एक महीने का राष्ट्रव्यापी पीएम–किसान अभियान

शुरू किया है, ताकि पात्र किसानों को इसका लाभ मिल सके। छूटे हुए किसान दस्तावेजों के साथ अपने संबंधित ग्राम पंचायत से संपर्क कर सकते हैं। इस बारे में आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए कृषि विभाग की संयुक्त निदेशक डॉ. एस सी रेखा ने कहा–

<><><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग गुरु रवींद्रनाथ टैगोर की एक सौ चौसठवीं जयंती के उपलक्ष्य में आज शाम पांच बजे अंडमान क्लब में 'रवींद्र जयंती' मनाएगा। इस कार्यक्रम में टैगोर के साहित्यिक और कलात्मक योगदान के सम्मान में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

अतुल स्मृति समिति की ओर से भी रवीन्द्र जयंती के उपलक्ष्य में आज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम आज शाम सात बजे बंगाली क्लब में होगा।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग ग्रीष्मकालीन कार्निवल महोत्सव आयोजित करने जा रहा है। यह आयोजन कल और ग्यारह मई को दोपहर तीन बजे से रात आठ बजे तक कार्बाइंस–कोव तट पर आयोजित होगा। यह कार्निवल, द्वीपसमूह के उपराज्यपाल द्वारा शुरू किए गए आधिकारिक पर्यटन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पूरे द्वीपों में स्थानीय पर्यटन और सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। यह महोत्सव स्थानीय निवासियों और पर्यटकों के लिए सांस्कृतिक, मनोरंजक और साहसिक गतिविधियों की एक झलक पेश करेगा। इस मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्वीज़ प्रतियोगिताएं तथा अन्य गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। विभाग ने जनता और पर्यटकों को कार्बाइंस–कोव तट पर ग्रीष्मकालीन कार्निवल महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। पर्यटकों और द्वीपवासियों के लिए यह मंच खुला है। प्रतिभागियों को आज सुबह दस बजे तक अपने नाम पंजीकरण कराने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए पर्यटन विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सचिवों के साथ उच्च स्तरीय बैठक करने की खबर को द डेली टेलीग्राम्स ने आज अपनी पहली हेडलाइन बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के राजनीतिक दलों को ऑपरेशन सिंदूर के महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराने की खबर को द्वीप समाचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इसके अलावा अखबार ने दक्षिण अण्डमान जिला परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष निर्वाचित होने की खबर को प्रमुखता दी है। द इको ऑफ इंडिया ने भी इस खबर को पहले पन्ने में जगह दी है। इसके अलावा जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में रोजगार मेले के आयोजन की खबर को भी अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। उद्योग विभाग की ओर से पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय प्लान पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित होने की खबर को इंफो इंडिया ने पहले पन्ने में जगह दी है। दक्षिण अण्डमान जिले में सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित होने की खबर को द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने पहले पन्ने के मध्य में जगह दी है।

**<><><><><><><>**